24 सितम्बर 2019 करेंट अफेयर्स

By **admin** - September 24, 2019

Visit Daily: www.studymasterofficial.com (YOUTUBE – STUDY MASTER)

Like share & subscribe

www.studymasterofficial.com

join telegram for pdfs https://t.me/studymaster

---

24 सितम्बर 2019 महत्वपूर्ण सामयिकी (CURRENT AFFAIRS) प्रश्नोत्तरी हिंदी भाषा में

प्रश्न 1. 140 साल के इतिहास में पहली बार भारत की वर्ष 2021 की जनगणना किसके माध्यम से की जाएगी?
क. वेबसाइट
ख. मोबाइल ऐप

ग. पर्ची
घ. इनमे से कोई नहीं

उत्तर: ख. मोबाइल ऐप – अमित शाह ने कहा है की 140 साल के इतिहास में पहली बार भारत की वर्ष 2021 की जनगणना मोबाइल ऐप के माध्यम से की जाएगी. करीब 33 लाख कर्मचारी घर-घर जाकर मोबाइल ऐप के माध्यम से जनगणना के आंकड़े को इकट्ठा करेगे. केंद्र सरकार जनगणना के लिए एक खास एंड्रायड मोबाइल ऐप विकसित करवा रही है.

प्रश्न 2. ह्यूस्टन के "हाउडी मोदी" कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसे भारत आने का निमंत्रण दिया है?
क. व्लादिमीर पुतिन
ख. शिंजो अबे
ग. इम्मानुएल मैक्रॉन
घ. डोनाल्ड ट्रम्प

उत्तर: घ. डोनाल्ड ट्रम्प – अमेरिका के ह्यूस्टन में आयोजित "हाउडी मोदी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को भारत आने का निमंत्रण दिया है. साथ ही इस कार्यकम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 50,000 भारतीय समुदाय के लोगों को संबोधित किया.

प्रश्न 3. ब्रिटेन की कितने वर्ष पुरानी ट्रेवल कंपनी थॉमस कुक ने स्वयं को दिवालिया घोषित किया है?
क. 120 वर्ष
ख. 132 वर्ष
ग. 156 वर्ष
घ. 178 वर्ष

प्रश्न 4. पूर्व टेस्ट क्रिकेटर माधव आप्टे का हाल ही में कितने वर्ष की आयु में निधन हो गया है?
क. 65 वर्ष
ख. 75 वर्ष
ग. 86 वर्ष
घ. 95 वर्ष

उत्तर: ग. 86 वर्ष – पूर्व टेस्ट क्रिकेटर माधव आप्टे का हाल ही में 86 वर्ष की आयु में निधन हो गया है. उन्हें अपने छोटे से टेस्ट करियर में भारत के लिए 7 टेस्ट मैच खेले जिसमे 542 रन बनाए थे. इन रनों में 1 शतक और तीन अर्धशतक शामिल है. उनके निधन पर दिग्गज क्रिकेटरों ने दुख व्यक्त किया और सोशल मीडिया श्रद्धांजलि दी.

प्रश्न 5. निम्न में से किस बैंक ने फ्लोटिंग रेट वाले एमएसएमई, हाउसिंग और रिटेल लोन को 1 अक्टूबर से रेपो रेट से जोड़ने की घोषणा की है?
क. बैंक ऑफ़ बड़ोदा
ख. यस बैंक
ग. केनरा बैंक
घ. स्टेट बैंक ऑफ इंडिया

उत्तर: घ. स्टेट बैंक ऑफ इंडिया – स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) ने हाल ही में फ्लोटिंग रेट वाले एमएसएमई, हाउसिंग और रिटेल लोन को 1 अक्टूबर से रेपो रेट से जोड़ने की घोषणा की है. रेपो रेट वह दर है जिस पर बैंकों को आरबीआई से कर्ज मिलता है.

प्रश्न 6. भारत के किस राज्य के मुख्यमंत्री के 3 ओएसडी और 3 सलाहकारों ने पद से इस्तीफा दे दिया है?
क. गुजरात
ख. दिल्ली
ग. हरियाणा
घ. केरल

उत्तर: ग. हरियाणा – हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के 3 ओएसडी (ऑफिसर ऑन स्पेशल ड्यूटी) और 3 सलाहकारों ने पद से इस्तीफा दे दिया है. सरकार ने इस्तीफों को मंजूर कर लिया है. इस्तीफ़ा देने वाले में प्रिंसिपल ओएसडी नीरज दफ्तुआर, ओएसडी भूपेंश्वर दयाल और ओएसडी अमरेंद्र भी शामिल है.

प्रश्न 7. अमेरिकी राष्ट्रपति के भाषण मंच पर पहली बार प्रेसिडेंशियल सील की जगह किन दो देशो की दोस्ती का झंडा लगाया गया है?
क. यूएस और चीन
ख. यूएस और रूस
ग. यूएस और भारत
घ. यूएस और नार्थ कोरिया

उत्तर: ग. यूएस और भारत – हाउडी मोदी कार्यक्रम के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति के भाषण मंच पर पहली बार प्रेसिडेंशियल सील की जगह यूएस और भारत की दोस्ती का झंडा लगाया गया है. अमेरिकी प्रशासन ने पहली बार लगाए जाने वाले प्रतीक में बदलाव किया है.

प्रश्न 8. ऑस्कर पुरस्कारों के लिए इस वर्ष भारत की ओर से किस फिल्म को नामित किया गया है?
क. ड्रीम गर्ल
ख. गली-बॉय
ग. अंधाधुंध
घ. पद्मावत

उत्तर: ख. गली-बॉय – ऑस्कर पुरस्कारों के लिए इस वर्ष भारत की ओर से रणवीर सिंह और अलिया भट्ट की मुख्य भूमिका वाली गली-बॉय फिल्म को नामित किया गया है. इस फिल्म को इससे पहले बेस्ट एशियन फिल्म कैटेगरी में NETPAC अवॉर्ड दिया गया था.

प्रश्न 9. वर्ल्ड रेसलिंग चैंपियनशिप 2019 में भारत के राहुल अवारे ने कितने किलोग्राम भार वर्ग में ब्रोंज मेडल जीता है?
क. 50 किलोग्राम
ख. 55 किलोग्राम
ग. 61 किलोग्राम
घ. 66 किलोग्राम

उत्तर: ग. 61 किलोग्राम – वर्ल्ड रेसलिंग चैंपियनशिप 2019 में भारत के राहुल अवारे ने 61 किलोग्राम भार वर्ग में ब्रोंज मेडल जीता है. इस ब्रोंज मेडल के साथ भारत के पास 5 मेडल हो गए है. जिसमे 1 सिल्वर, 4 ब्रोंज मेडल शामिल है. इसके साथ ही चैंपियनशिप का समापन हो गया है.

प्रश्न 10. बांग्लादेश का कौन सा खिलाडी बांग्लादेश की तरफ से टी20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाला बल्लेबाज बन गया है?
क. मुस्ताफिजूर रहीम
ख. शाकिब अल हसन
ग. तमीम इकबाल
घ. सब्बीर रहमान

उत्तर: ख. शाकिब अल हसन – हाल ही में बांग्लादेश और अफगानिस्तान के बीच हुए मैच में शाकिब अल हसन 45 गेंदों पर 70 रन की पारी खेलकर बांग्लादेश की तरफ से टी20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए है. साथ ही शाकिब अल हसन ने टी20 क्रिकेट में अपने 350 विकेट भी पूरे कर लिए है.

---

23 सितम्बर 2019 करेंट अफेयर्स

India GK Questions Answers-(PART-8) | भारत जीके हिंदी प्रश्न उत्तर- (भाग-8)

admin